रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 108] नई दिल्ली, शुक्रवार, मार्च 4, 2011/फाल्गुन 13, 1932

No. 108] NEW DELHI, FRIDAY, MARCH 4, 2011/ 13, 1932

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

(उपभोक्ता मामले विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 1 मार्च, 2011

सा.का.नि. 183(अ).—केन्द्रीय सरकार, विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 (2010 का 1) की धारा 52 की उप-धारा (2) के खण्ड (ड) के साथ पठित उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :–

अध्याय-I

प्रारम्भिक

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम विधिक माप विज्ञान (मॉडलों का अनुमोदन) नियम, 2011 है ।

(2) ये 1 अप्रैल 2011, को प्रवृत्त होंगे ।

2. **परिभाषाएं.**—(1) इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो-

(क) 'अधिनियम' से विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 (1010 का 1) अभिप्रेत है;

(ख) 'मॉडल' से, बाट या माप का, ऐसा अंतिम भौतिक रूपण अभिप्रेत है, जिसके उन सभी संघटकों का, जो उसे अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों में यथाउपबंधित, आवश्यक माप विज्ञान संबंधी और तकनीकी विशेषताएं तथा गुण प्रदान करते हैं, उपयुक्त रूप से जोड़े गए हैं ताकि निर्धारित सहायता के अधीन प्रत्येक बाट अथवा माप, जो ऐसे मॉडल के अनुसार बनाया गया हो, डायमेंशन, निर्माण, धात्विक निष्पादन तथा अन्य माप विज्ञान और तकनीकी विशेषताओं के संबंध में एक समान हों;

(ग) 'प्रधान अधिकारी' से प्रयोगशाला का प्रभारी अधिकारी अभिप्रेत है ।

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इसमें प्रयुक्त हैं, और परिभाषित नहीं हैं, किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे जो उस अधिनियम में हैं ।

अध्याय -II
प्रयोगशालाओं की मान्यता

3. **प्रयोगशालाओं के संबंध में सामान्य उपबंध**: (1) मान्यताप्राप्त प्रयोगशालाओं की सूची समय-समय पर अधिसूचित की जाएगी।

(2) इन नियमों के अधीन मान्यता प्राप्त कोई प्रयोगशाला किसी मॉडल के अनुमोदन के लिए कोई भी परीक्षण करेगी।

(3) किसी प्रयोगशाला का बाट अथवा माप के किसी मॉडल को आबंटित करने में निदेशक ऐसे मॉडल के अनुमोदन के लिए उस प्रयोगशाला में उपलब्ध सुविधाओं के अस्तित्व अथवा अन्यथा को ध्यान में रखेगा।

4. **प्रयोगशालाओं की मान्यता**: (1) किसी बाट अथवा माप के मॉडल के अनुमोदन के लिए परीक्षण करने हेतु इन नियमों के अधीन मान्यताप्राप्त करने की इच्छुक प्रत्येक प्रयोगशाला समय-समय पर यथा अधिसूचित प्ररूप में निदेशक को एक आवेदन करेगा।

(2) उप नियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक आवेदन, प्रयोगशाला के प्रधान अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

(3) जब प्रयोगशाला की मान्यता के लिए उप नियम (1) के अधीन कोई आवेदन किया जाता है, तो निदेशक मान्यता का प्रमाण पत्र जारी करने से पहले अपने एक या एक से अधिक अधिकारियों को प्रयोगशाला में भेजेगा और रिपोर्ट प्राप्त करेगा कि प्रयोगशाला -

(क) में आवश्यक माप उपकरण, परीक्षण सुविधाएं हैं और अनुरक्षित भवन समुचित दशा में है;

(ख) में संबंधित बाट अथवा माप के मॉडल के अनुमोदन की सिफारिश करने के लिए परीक्षण करने के लिए आवश्यक अर्हताप्राप्त कर्मचारी, घटक हैं;

(ग) उपयुक्त वातावरण में स्थित है;

(घ) में उपयुक्त रिकार्डिंग प्रणाली है;

(ड.) शीघ्र, दक्ष और पर्याप्त सेवा दे सकती है; और

(च) निदेशक द्वारा यथा-विनिर्दिष्ट ऐसी अन्य उपयुक्त प्रयोगशाला द्वारा समय-समय पर अपने उपकरणों को आवधिक रूप से सत्यापित करवाने के लिए तैयार और इच्छुक है;

(छ) क्या नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड ऑफ लेबरेटरीज (एन ए बी एल) द्वारा जारी किया गया प्रमाण-पत्र उस पैरामीटर या क्षेत्र में है जिसमें मॉडल परीक्षण किए जाने का प्रस्ताव है।

(4) निदेशक उसके अधिकारियों अथवा उप नियम (3) में निर्दिष्ट अधिकारियों द्वारा उसको दी गई सूचना पर विचार करने के बाद और यदि आवश्यक हो, तो प्रयोगशाला का दौरा करने के बाद आवेदक प्रयोगशाला को मान्यता का प्रमाण-पत्र जारी करेगा जिसमें वे शर्तें और निबंधन

जिनके अधीन रहते हुए मान्यता दी गई है तथा वह कोड संख्या जो प्रयोगशाला को दी गई है, विनिर्दिष्ट करेगा।

(5) जहां प्रयोगशाला की मान्यता के लिए कोई आवेदन नहीं किया गया है, अथवा जहां ऐसा आवेदन किया गया, किन्तु उसका निपटान नहीं किया गया है, वहां निदेशक यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि ऐसा करना नितांत आवश्यक है, तो प्रयोगशाला के प्रभारी प्रधान अधिकारी की सहमति से उस प्रयोगशाला को मान्यता का अस्थायी प्रमाण-पत्र जारी कर सकता है, जो निदेशक की राय में उप नियम (3) की सभी अपेक्षाओं को पूरा करती है और इस प्रकार जारी किया गया अंनतिम प्रमाण-पत्र एक वर्ष के लिए विधिमान्य होगा।

(6) प्रयोगशाला द्वारा उप नियम (4) के अधीन विनिर्दिष्ट निबंधनों और शर्तों का पालन करने में चूक अथवा विफलता की दशा में निदेशक द्वारा प्रयोगशाला को प्रदान किए गए मान्यता प्रमाण-पत्र को निलंबित किया जा सकेगा:

परन्तु यह कि प्रयोगशाला को प्रस्तावित कार्रवाई के विरुद्ध कारण दर्शित करने का उचित अवसर दिए जाने के बाद के सिवाए ऐसा निलंबन नहीं किया जाएगा।

(7) जहां किसी प्रयोगशाला को मान्यता के प्रमाण-पत्र को उप नियम (6) के अधीन निलंबित किया जाता है, वहां निलंबन के आदेश को तब तक निरस्त नहीं किया जाएगा जब तक उन निबंधनों और शर्तों के अनुपालन में चूक अथवा विफलता को दूर नहीं कर दिया जाता जिनके लिए निलंबन किया गया था।

(8) निदेशक अथवा उसका प्राधिकृत अधिकारी जब कभी अपेक्षित हो, प्रयोगशाला का दौरा कर सकेंगे और प्रधान अधिकारी निरीक्षणों की अनुमति देगा तथा मॉडल परीक्षण के संबंध में अभिलेख प्रस्तुत करने सहित उस प्रयोजनार्थ सभी सहायता प्रदान करेगा।

(9) प्रधान अधिकारी, उनके द्वारा परीक्षित मॉडलों, संग्रहीत फीस, प्रत्येक परीक्षण में लिए गए समय तथा ऐसे अन्य संगत विवरणों के संबंध में निदेशक को वार्षिक रूप से एक रिपोर्ट भेजेगा।

(10) प्रधान अधिकारी, मॉडल परीक्षण के समय ऐसी प्रक्रियाओं को अपनाएगा जो निदेशक द्वारा समय-समय पर निर्धारित की गई हों।

(11) किसी प्रयोगशाला को प्रदान किए गए मान्यता के प्रमाणपत्र को निदेशक द्वारा निरस्त किया जा सकेगा, यदि प्रयोगशाला की परिस्थितियां ऐसी हों कि उससे एक मान्यताप्राप्त

प्रयोगशाला के रूप में युक्तियुक्त रूप से कार्य करने की अपेक्षा नहीं की जा सकती हो अथवा यदि यह संदेह करने के लिए पर्याप्त कारण हों कि प्रयोगशाला भ्रष्ट संव्यवहारों की दोषी है।

परन्तु संबद्ध प्रयोगशाला को प्रस्तावित कार्रवाई के विरुद्ध कारण दर्शित करने का युक्तियुक्त अवसर दिए जाने के बाद के सिवाए मान्यता का प्रमाण-पत्र निरस्त नहीं किया जाएगा।

अध्याय-III

मॉडलों का अनुमोदन

5. **मॉडलों के अनुमोदन के लिए आवेदन**: (1) मॉडल के अनुमोदन के लिए आवेदन निदेशक को किया जाएगा और उसमें निम्नलिखित बातें होंगी :-

(क) आवेदक का पूरा नाम और पता अथवा जहां मॉडल अन्य देशों से आयात किया गया हो, विनिर्माता तथा भारत में व्यौहारी का नाम और पता;

(ख) बाट अथवा माप का संक्षिप्त विवरण, उसके संबंधित वर्ग तथा संभावित प्रयोग, जिसके लिए बाट अथवा माप को बनाया जाना आशियत है;

(ग) बाट अथवा माप की माप विज्ञान और तकनीकी विशेषताओं तथा गुणों के बारे में आंकडे;

(घ) विनिर्माता द्वारा अपनाई गई परीक्षण प्रक्रिया;

(ड.) बाट अथवा माप का ट्रेड नाम या ब्राण्ड नाम तथा किस्म; और

(च) नियम 19 में निर्दिष्ट अपेक्षित फीस

(2) प्रत्येक आवेदन के साथ निम्नलिखित की कम से कम 2 प्रतियां होंगी, -

(क) ऐसे बाट अथवा माप की सामान्य व्यवस्था और संस्थापन का एक स्कैच और खण्डवार ड्राइंग जिसमें बाट अथवा माप का ऐसी रीति से निर्माण के ब्यौरे सहित जो इसके तैयार रूप में बाट अथवा माप को देखा जा सके; और

(ख) एक दस्तावेज जिसमें निम्नलिखित का वर्णन हो, अर्थात् :-

(i) बाट अथवा माप के निर्माण के सिद्धांत और प्रचालन की पद्धति;

(ii) बाट अथवा माप के किसी कपटपूर्ण अथवा अशुद्ध प्रचालन के निवारण के लिए उपलब्ध कराई गई सुरक्षा युक्तियां;

(iii) बाट तथा माप को समायोजित करने अथवा शुद्ध करने का तरीका और विस्तार;

(iv) वह स्थान जहां सत्यापन स्टाम्प अथवा मोहर, या दोनों लगाई जा सकें;

(v) बाट अथवा माप के सामान्य व्यवस्था की योजनाएं और संस्थापना की ड्राइंग, तथा जहां आवश्यक वितरित स्थापना अनुदेश हों;

(vi) मॉडल के दो फोटोग्राफ, जिसमें स्पष्ट रूप से मॉडल के अनुमोदन के प्रमाण-पत्र के एक भाग के रूप में सम्मिलित की जाने वाली अनिवार्य घोषणाएं दी गई हों;

(vii) वास्तविक सर्किट डायग्राम (डिजीटल प्रकार के लिए);

(viii) उपस्कर पर वे स्थान जहां पर कपटपूर्ण व्यवहारों के निवारण के लिए सत्यापन स्टॉम्प अथवा मोहर या दोनों को लगाया जा सके;

(ix) उपयोगकर्ता मैनुअल, मुद्रित पम्फलेट्स तथा अन्य साहित्य की प्रतियां;

(x) कोई अन्य सूचना, जिसको आवेदक कार्यनिष्पादन के आंकलन के लिए तथा मॉडल के अनुमोदन को सुकर बनाने के लिए उपयोगी समझे।

(3) यदि बाट अथवा माप में पूरक अथवा अतिरिक्त उपस्करों का उपबंध किया गया है तो ऐसे पूरक अथवा अतिरिक्त उपस्करों के संबंध में पूरी जानकारी यथा उक्त बाट अथवा माप के संबंध में ड्राइंग. विवरण, भी आवेदन के साथ दिया जाएगा।

6. बाट अथवा माप के मॉडलों को प्रस्तुत करना – (1) प्रत्येक व्यक्ति, जो बाट अथवा माप के किसी मॉडल को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करता है (जिसको इस नियम में इसके पश्चात आवेदक कहा गया है), मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला के खाते में इन नियमों के नियम 19 में यथानिर्धारित फीस जमा कराएगा।

(2) नियम 5 में निर्दिष्ट सभी दस्तावेज निदेशक द्वारा मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला को भेजे जाएंगे, जो मॉडल के अनुमोदन के लिए परीक्षण करता है, जिससे प्रयोगशाला यह निश्चित कर सके कि ऐसे दस्तावेज उस मॉडल के अनुमोदन के लिए उसके द्वारा किए गए परीक्षणों के परिणामों के अनुरूप हैं या नहीं।

(3) जहां बाट अथवा माप का स्वरूप ऐसा है कि उसके भारी भरकम होने के कारण परीक्षण के लिए प्रयोगशाला को प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है वहां मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला ऐसे मॉडल का परीक्षण ऐसे स्थान पर कर सकेगी जैसा वह उचित समझे।

परन्तु जहां परीक्षण मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला के परिसरों से भिन्न किसी परिसर पर किया जाता है तो आवेदक ऐसे परीक्षण की अवधि के लिए ऐसे परीक्षण के लिए भेजे गए व्यक्तियों

के यात्रा और दैनिक भत्तों का भुगतान करेगा और ऐसे भत्ते ऐसी दरों पर देय होंगे जो मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला में लागू नियमों के अनुसार ऐसे व्यक्तियों के लिए स्वीकार्य होंगे।

(4) आवेदक, मॉडल के अनुमोदन के लिए आवश्यक परीक्षण करने के प्रयोजन से मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला द्वारा भेजे गए व्यक्तियों के दल को ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा जिनकी उनके द्वारा अपेक्षा की गई हो।

(5) मॉडल की स्थापना परीक्षण और हटाया जाना आवेदक की लागत और जोखिम पर होगा।

(6) केंद्रीय सरकार और मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला, मॉडल के जांच और परीक्षण के दौरान होने वाली किसी हानि अथवा क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

(7) जहां अनुमोदन के लिए किसी मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला को प्रस्तुत किए गए किसी मॉडल को आवेदक द्वारा ऐसे मॉडल के संबंध में अनुमोदन प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाने अथवा मना किए जाने की तारीख से 6 महीने समाप्त होने के बाद हटाया नहीं जाता है तो ऐसा मॉडल केंद्रीय सरकार के पास जब्त हो जाएगा और सरकार मॉडल का ऐसे तरीके से निपटान करेगी जैसा वह ठीक समझे।

(8) निदेशक का यदि यह समाधान हो जाता है कि किसी मॉडल के अनुमोदन के लिए परीक्षण में तीन महीने से अधिक समय लगने की संभावना है और प्रयोगशाला से संतोषजनक प्रारंभिक परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर वह प्रमाण-पत्र में यथाविनिर्दिष्ट ऐसी शर्तों के अधीन विनिर्माता को एक अस्थायी प्रमाण-पत्र जारी कर सकेगा जिससे विनिर्माता अपने जोखिम पर उस बाट अथवा माप का विनिर्माण कर सके जिसके संबंध में अनुमोदन के लिए मॉडल प्रस्तुत किया गया हो।

परन्तु ऐसे उपकरण के विनिर्माण, वितरण और बिक्री को तत्काल रोक दिया जाएगा जब निदेशक द्वारा अस्थायी मॉडल अनुमोदन प्रमाण-पत्र आहरित कर लिया जाए।

परन्तु यह और कि यदि परीक्षित मॉडल अनुमोदन परीक्षण की अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है तो अस्थायी प्रमाण-पत्र द्वारा सम्मिलित किए गए और बाजार में बेचे गए सभी उपकरण विनिर्माता की लागत पर तत्काल आहरित कर लिए जाएंगे।

7. **मॉडल अनुमोदन के लिए परीक्षण**: (1) अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किसी मॉडल की उपयुक्तता अथवा अन्यथा के आंकलन के लिए जरूरी परीक्षण प्रयोग की सामान्य शर्तों के

अधीन किए जाएंगे चाहे वे वास्तविक हों अथवा उत्प्रेरित, या बाट अथवा माप तथा वे निम्नलिखित दृष्टि से किए जाएंगे :-

(क) यह निश्चित करना कि ऐसे मॉडल अधिनियम और नियमों के द्वारा अथवा उनके अधीन ऐसे मॉडलों या अंतर्राष्ट्रीय विधिक माप विज्ञान संगठन की सिफारिशों के संबंध में स्थापित मानकों के अनुरूप हैं या नहीं;

(ख) ऐसे मॉडलों की शुद्धता तथा अन्य माप विज्ञान विशेषताओं को और गुणवत्ताओं को ऐसे कम से कम एवं न्यूनतम अवधियों में प्रयोग किए जाने के बांद, जो निदेशक सामान्य आदेश द्वारा बाट अथवा माप की उन श्रेणियों के संबंध में विनिर्दिष्ट की जाए जिनसे मॉडल संबंधित है, बनाए रखने की क्षमता का पता लगाना;

(ग) प्रयोग की विभिन्न परिस्थितियों के अधीन ऐसे मॉडल के कार्यनिष्पादन को निश्चित करना;

(घ) प्रभावित करने वाले कारकों की संभावित घटना तथा माप विज्ञान एवं तकनीकी विशेषताओं पर उनके प्रभाव को ध्यान में रखने के बाद मॉडल के माप विज्ञान और तकनीकी विशेषताओं को निश्चित करना;

(ड.) यह निश्चित करना कि क्या उन पर अधिनियम और नियमों के अधीन अपेक्षित अनिवार्य घोषणाएं हैं;

(च) यह निश्चित करना कि क्या उपकरण पर विनिर्माता द्वारा सुझाए गए सीलिंग के स्थान उनके कपटपूर्ण प्रयोग को रोकने के लिए पर्याप्त है;

(छ) सामान्यतया मॉडल के व्यवहार को निश्चित करना अर्थात उसका कड़ापन विश्वसनीयता और कपटपूर्ण प्रयोग के प्रति संवेदनशीलता को निश्चित करना।

(2) प्रत्येक मॉडल का परीक्षण उस परीक्षण प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा जो निदेशक द्वारा बाट अथवा माप की उस श्रेणी के लिए निर्धारित की जाए जिससे मॉडल संबंधित है।

परन्तु जब तक निदेशक द्वारा बाट अथवा माप की किसी श्रेणी के संबंध में परीक्षण प्रक्रिया निर्धारित की जाती है तब तक बाट अथवा माप की ऐसी श्रेणी से संबंधित किसी मॉडल का परीक्षण ऐसी प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा जो मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला की राय में उसको ऐसे मॉडल के संबंध में अनुमोदन के प्रमाण-पत्र की मंजूरी की सिफारिश करने में समर्थ बनाएगी।

8. अनुमोदन का प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया: (1) परीक्षणों के पूरा हो जाने के बाद मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला अपने निष्कर्षों की एक रिपोर्ट अपनी इन सिफारिशों के साथ निदेशक

IndiaCode

को भेजेगी कि मॉडल अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों की अपेक्षाओं को पूरा करता है या नहीं।

(2) मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला किसी उपयुक्त मामले में सिफारिश करता है कि अनुमोदन अस्थायी रूप से प्रदान किया जाए जिससे वह विस्तृत परीक्षण कर सके और जहां ऐसी सिफारिश के अनुसरण में अस्थायी अनुमोदन प्रदान किया जाता है वहां स्थापना और उपयोग की ऐसी परिस्थितियों में उपकरणों की ऐसी संख्या पर परीक्षण किए जाएं जो निदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट किए गए हों और जहां मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला ऐसा करना ठीक समझती है वहां ऐसे परीक्षणों को बाट अथवा माप के उपयोग के स्थान पर जारी भी रखा जा सकेगा तथा प्रयोग के ऐसे स्थान पर परीक्षण विस्तृत होंगे और ऐसी अवधि के होंगे तथा बाट अथवा माप की उतनी संख्या पर किए जाएंगे जो निदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट की गई हो।

(3) निदेशक मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला से संबंधित मॉडल के अनुमोदन में उस प्रयोगशाला द्वारा अपनाई गई विस्तृत प्रक्रिया मंगा सकेगा।

(4) मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला द्वारा की गई रिपोर्ट की जांच करने पर निदेशक जहां उसका यह अभिमत हो कि आगे कोई परीक्षण करने की आवश्यकता नहीं है, रिपोर्ट केंद्रीय सरकार को प्रस्तुत करेगा तथा जहां उसका यह अभिमत है कि आगे परीक्षण की जरूरत है, रिपोर्ट को आगे के ऐसे परीक्षणों के लिए मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला को वापस भेजेगा तथा उसके बाद मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला आगे के परीक्षण करने के बाद निदेशक को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

(5) मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला की रिपोर्ट पर विचार करने पर जहां निदेशक का यह अभिमत हो कि उस मॉडल के संबंध में अनुमोदन का प्रमाण-पत्र जारी किया जाए, वह प्रमाण-पत्र जारी करने की सिफारिश केंद्रीय सरकार को भेजेगा और उस सरकार को मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला द्वारा उसको प्रस्तुत की गई रिपोर्ट की प्रति अग्रेषित करेगा।

(6) यदि निदेशक द्वारा अनुमोदन के प्रमाण-पत्र अथवा अंनतिम प्रमाण-पत्र को जारी करने की सिफारिश की गई हो तो केंद्रीय सरकार ऐसा प्रमाण-पत्र जारी करेगी तथा निदेशक को केंद्रीय सरकार की ओर से और उसके लिए प्रमाण-पत्र को अधिप्रमाणित करने के लिए प्राधिकृत करेगी।

(7) उप नियम (6) के अधीन जारी कोई भी अस्थायी प्रमाण-पत्र उसके जारी होने की तारीख से एक वर्ष से अधिक की अवधि के लिए वैध नहीं होगा।

परन्तु मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला की सिफारिश पर केंद्रीय सरकार का यदि यह समाधान हो जाता है कि जनहित में ऐसा करना आवश्यक है तो वह अस्थायी प्रमाण-पत्र की वैधता की अवधि को ऐसी अवधि तक बढ़ा सकती है जैसी वह उचित समझे;

परन्तु यह और कि केंद्रीय सरकार, संबंधित विनिर्माता द्वारा उसको किए गए किसी आवेदन पर अंनतिम प्रमाण-पत्र की वैधता की अवधि को आगे की ऐसी अवधि के लिए बढ़ा सकेगा जो वह उचित समझे, यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला अंनतिम प्रमाण-पत्र की वैधता की अवधि समाप्त होने से पहले परीक्षण पूरा करने में असफल है, ऐसी अवधि को बढ़ाने की सिफारिश करने से अयुक्तियुक्त रूप से लोप किया है।

(8) प्रत्येक अनुमोदित मॉडल को एक कोड संख्या दी जाएगी और इस प्रकार दी गई कोड संख्या का उल्लेख अनुमोदन के प्रमाण-पत्र अथवा अंनतिम प्रमाण-पत्र, जैसा भी मामला हो, पर किया जाएगा।

(9) जहां किसी बाट अथवा माप का मॉडल, जिस पर ये नियम लागू होते हैं, अनुमोदित किया गया हो, ऐसे बाट अथवा माप के विभिन्न विभाजकों वाले मॉडलों के लिए ऐसे विभाजकों के किसी अनुमोदन की अपेक्षा नहीं होगी जो उन्हीं सिद्धान्तों और उसी सामग्री के अनुसार विनिर्मित होते हैं जिनसे अनुमोदित मॉडल विनिर्मित किए गए।

9. अनुमोदन प्रमाण-पत्र जारी करने की सिफारिश न की जाने पर प्रक्रिया – जहां कोई मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला किसी मॉडल के संबंध में अनुमोदन प्रमाण-पत्र जारी करने की सिफारिश नहीं करती, तो वह निदेशक को उसके कारण विनिर्दिष्ट करेगी, जो ऐसे कारण आवेदक को ऐसे निदेशों के साथ, जैसे वह ठीक समझे, संसूचित करेगा और तब आवेदक निदेशक को इस आशय का अभ्यावेदन कर सकेगा कि मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला द्वारा अनुमोदन प्रमाण-पत्र जारी किये जाने की सिफारिश की जानी चाहिए थी और ऐसे अभ्यावेदन पर विचार करने के पश्चात निदेशक या तो उसे अस्वीकार करेगा या केंद्रीय सरकार को अनुमोदन प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए सिफारिश कर सकेगा।

10. अनुमोदन के लिए अस्वीकृत मॉडल का पुन: प्रस्तुतीकरण- (1) जहां किसी मॉडल को अनुमोदन न मिला हो, उस अस्वीकृत मॉडल को अनुमोदन हेतु यथावश्यक रूपांतरणों के पश्चात पुन: प्रस्तुत किया जा सकेगा।

828 GI/11-3

(2) जहां कोई भी अस्वीकृत मॉडल को अनुमोदन हेतु पुन: प्रस्तुत किया जाता है, वहां यह माना जाएगा कि इस प्रयोजन के लिए नियमों के अधीन फीस के उदगृहण और परीक्षण के प्रयोजन के लिए एक नया आवेदन उस मॉडल के अनुमोदन के लिए देना होगा।

11. अनुमोदन के प्रमाणपत्र का अंतर्वस्तु-

(1) अनुमोदन प्रमाणपत्र में निम्नलिखित जानकारियां भी होनी चाहिए अर्थात् :-

(क) प्रमाणपत्र की संख्या;

(ख) मॉडल का एक संक्षिप्त विवरण;

(ग) अनुमोदित मॉडल के लिए निर्दिष्ट चिन्ह;

(घ) बाट या माप की श्रेणी;

(ड.) परीक्षणों के परिणामों का संक्षिप्त विवरण;

(च) विशेष शर्तें, यदि कोई हों, उन्हें विनिर्माण, सत्यापन और मॉडल के अनुसार बाट और माप के प्रयोग के लिए संगृहीत; और

(छ) वह या वे स्थान जहां पर सत्यापन सील या स्टाम्प या दोनों लगाए जा सकेंगे ।

(2) अनुमोदन का प्रमाण-पत्र राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से ही प्रवृत्त होगा।

(3) जहां कोई बाट या माप विशेष प्रयोग के लिए आशयित हो, उस बाट या माप से संबंधित अनुमोदन का प्रमाणपत्र उस विशेष प्रयोग को निर्दिष्ट करे।

(4) निदेशक, आवश्यक मॉडल प्रमाणपत्र को राजपत्र में प्रकाशित करायेगा।

(5) निदेशक, पूर्वगामी उपनियमों में निर्दिष्ट सूचना को. केंद्रीय सरकार द्वारा प्रकाशित जरनल में भी यदि कोई हो, प्रकाशित करायेगा।

12. अनुमोदन चिन्ह:- (1) मॉडल को नियत चिन्ह में राष्ट्रीय पहचान अक्षर, अर्थात् आई एन डी, जारी किए गए वर्ष के अंतिम दो अंक (उदाहरण के लिए, 77), प्रयोगशाला के लिए नियत कोड संख्या और मॉडल के लिए नियत कोड संख्या अंतर्विष्ट होंगें।

(2) अनुमोदित मॉडल को नियत चिन्ह साफ तथा स्पष्ट रूप से मॉडल में उस जगह पर होगा जैसा की अनुमोदन प्रमाणपत्र में निर्दिष्ट हो और निर्माता अथवा विनिर्माता द्वारा बनाया गया प्रत्येक बाट अथवा माप के अनुमोदित मॉडल के अनुसार हो :

परन्तु, यदि बाट अथवा माप के अनुमोदित मॉडल का बनावट इस तरह हो कि उस अनुमोदित मॉडल के लिए नियत चिन्ह को उस पर नहीं लगाया जा सकता है (उदाहरण के लिए, जहां वे भंगुर या अत्यंत ही छोटे हों) वह चिन्ह अनुमोदन प्रमाणपत्र में विनिर्दिष्ट शर्तों के साथ लगा हो सकेगा:

परन्तु यह और कि, जहां अनुमोदन सीमित प्रकृति का हो, तो अनुमोदन चिन्ह को एक विशेष चिन्ह द्वारा अनुमोदन का परिसीमन दर्शित करते हुए संलग्न होना चाहिए और विभिन्न परिसीमनों के लिए भिन्न-भिन्न विशेष चिन्ह भी बनाए जा सकेंगे।

13. अनुमोदन प्रमाणपत्र का प्रतिसंहरण – (1) अनुमोदन के प्रमाणपत्र को रद्द भी किया जा सकेगा यदि केंद्रीय सरकार का यह समाधान हो जाए कि;

(क) मॉडल जिसको पहले अनुमोदित किया जा चुका हो उसका अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों में विनिर्दिष्ट एकको के साथ अनुपालन नही किया हो। या

(ख) कोई मॉडल उस मॉडल के संबंध में तत्समय प्रवृत मानकों के अनुरूप नही रह गया हो।

(ग) सामान्य रूप से उस मॉडल के अनुसार विनिर्मित उत्पादों (बाट अथवा माप) के प्रयोग करने के दौरान यदि विश्वसनीयता, परिशुद्धता या प्रदर्शन में त्रुटि दिखाई देती है ।

(घ) जहां विनिर्माण पूर्णत: या आंशिक रूप से अनुमोदन के प्रमाणपत्र में विनिर्दिष्ट शर्तों का अनुपालन नहीं करता हो।

परन्तु किसी भी प्रमाणपत्र का प्रतिसंहरित नहीं होगा जब तक कि उस प्रमाणपत्र के धारक ने प्रस्तावित कार्रवाई के विरुद्ध कारण दर्शित करके युक्तियुक्त अवसर न दे दिया हो।

(ड.) जहां विनिर्माता या किसी भी व्यक्ति ने अनुमोदित मॉडल या सर्किट डायग्राम के डिजाइन के साथ अभिव्यंजकपूर्ण परिवर्तन किया हो।

(2) जहां किसी मॉडल के अनुमोदन के प्रमाणपत्र को प्रतिसंहरित कर दिया गया हो, उस मॉडल के अनुसार किसी भी बाट अथवा माप के उत्पादन को रोक दिया जाना चाहिए और उस तारीख से जैसा भी प्रतिसंहरण के उस आदेश में विनिर्दिष्ट की जाए और प्रतिसंहरण की तारीख के बीच के किसी भी समय में प्रत्येक बाट अथवा माप के निर्माण या विनिर्माण और वह विनिर्दिष्ट तारीख ऐसे प्रतिसंहरण के होते हुए भी ऐसे प्रतिसंहरण की तारीख को प्रवृत अधिनियम या नियमों के उपबंधों के अनुसार सत्यापन के अधीन होगा।

परन्तु जहां, उस सत्यापन पर, यह पाया जाता है कि इस प्रकार के बाट अथवा माप के प्रयोग से त्रुटि उत्पन्न होने की संभावना है, उस बाट अथवा माप के लिए अनुज्ञा से परे कोई भी बाट अथवा माप उससे किया जाए, निदेशक, आदेश के द्वारा उस बाट अथवा माप का वाद चलाकर उस पर प्रतिबंध लगा सकेगा ।

14. अनुमोदन के प्रमाणपत्र का निलंबन – (1) निदेशक द्वारा मॉडल के अनुमोदन के प्रमाणपत्र का निलंबन, उस प्रमाणपत्र के धारक की ओर से चूक या असफल होने की दशा में किया जा सकेगा ।

(i) उस मॉडल से संबंधित प्रमाणपत्र के अनुसार, बाट अथवा माप का निर्माण या विनिर्माण करना, या

(ii) किसी भी मॉडल के अनुसार बाट अथवा माप के विनिर्माता के संबंध में नियमों अथवा मानकों के अनुरूप बनाना, या

(iii) अनुमोदन के प्रमाणपत्र में विनिर्दिष्ट शर्तों का अनुपालन करना: परन्तु प्रमाणपत्र के धारक को प्रस्तावित कार्रवाई के विरुद्ध कारण दर्शित करने के लिए युक्तियुक्त अवसर देने के सिवाय इस प्रकार निलंबन नहीं किया जाएगा ।

(2) जहां किसी भी अनुमोदन के प्रमाणपत्र का निलंबन उपनियम (1) के अधीन किया गया हो, निलंबन के आदेश को तब तक वापिस नही लिया जाएगा जब तक कि जिसके लिए निलंबन किया गया है, विफलता की चूक को ठीक नहीं कर लिया जाता है।

(3) जहां किसी भी अनुमोदन के प्रमाणपत्र का निलंबन उप नियम (1) के अधीन किया गया हो, संबंधित राज्य के विधिक माप विज्ञान के नियंत्रक द्वारा उपस्थित स्टॉक की एक सूची बना दी जाए, जिन्हें यह भी सुनिश्चित करना पड़ेगा कि आगे कोई भी विक्रय नहीं होगा बशर्ते निदेशक द्वारा अनुमोदन के प्रमाणपत्र के निलंबन को रद्द कर दिया जाए।

15. प्रकाशित किए जाने वाले प्रमाणपत्रों का प्रतिसंहरण और निलंबन – प्रत्येक अनुमोदन के प्रमाणपत्र का प्रतिसंहरण अथवा निलंबन को प्रकाशित करने का आदेश, जहां तक हो सके, नियम 11 में निर्देशित तरीके से हो।

16. मॉडलों अथवा उसके चित्रों को जमा करना – (1) निदेशक किसी भी बाट या माप, जिसके मॉडल को अनुमोदित किया जा चुका हो अथवा उसके किसी संघटक अथवा उसके डमी की मांग कर सकता है, जहां पर उसे यह लगे कि यह जनहित के लिए किया जाना आवश्यक है।

(2) उपनियम (1) के अनुसार जमा किये गये अनुमोदित मॉडलों, अंगों, चित्रों अथवा डमियों को रिकार्ड और निर्देशों के प्रयोग के लिए संरक्षित रखा जाएगा और जनता द्वारा निरीक्षण के लिए नहीं खोला जाएगा 1

17. **ऐसे बाट या माप के लिए उपबंध जिसके मॉडल का अनुमोदन सामान्यत: आवश्यक नहीं है** – (1) अधिनियम की धारा 22 के अधीन अर्जित किसी बाट या माप के मॉडल के अनुमोदन के प्रयोजनार्थ, अर्जित करने वाला अधिकारी उस बाट या माप के मॉडल के परीक्षण की आवश्यकता की सूचना निदेशक को देगा और उस सूचना की प्राप्ति के बाद निदेशक यदि संतुष्ट हो जाता है कि उस बाट अथवा माप के मॉडल के परीक्षण की आवश्यकता है, विनिर्माता को उसके द्वारा निर्दिष्ट मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला द्वारा उस मॉडल के परीक्षण के लिए मॉडल को प्रस्तुत करने के लिए कहेगा।

परन्तु यदि बाट अथवा मांप का कोई भी मॉडल अर्जित हेतु न हो, तो विनिर्माता का यह कर्तव्य होगा कि वह विनिर्माण लाइन द्वारा बाट अथवा माप की श्रेणी का एक नमूना उत्पन्न करें और निदेशक द्वारा निर्दिष्ट मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला द्वारा उस नमूने को परीक्षण के लिए प्रस्तुत करे।

(2) मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला को उपनियम (1) में निर्देशित परीक्षणों को करने के बाद जितनी जल्दी संभव हो, उन परीक्षणों के परिणामों का ब्यौरा निदेशक तक पहुंचा दिया जाना चाहिए।

(3) यदि इन परीक्षणों के परिणामों को देखने के बाद निदेशक संतुष्ट हो जाए कि मॉडल अथवा नमूना, जैसा भी मामला हो, अधिनियम के द्वारा या अधीन स्थापित मानकों के अनुरूप नहीं है, वो विनिर्माता को उन कमियों को उसके द्वारा निर्दिष्ट समय के अंदर दूर करने के लिए बुला सकता है; और इस निर्दिष्ट समय के अंदर यदि वे कमियां दूर नहीं की गई, विनिर्माण का लाइसेंस, जिसका संबध उस बाट अथवा माप के विनिर्माण से है जिसके मॉडल या नमूने का परीक्षण किया गया था, को रद्द किया जा सकेगा ।

18. **अनुकल्प सामग्रियों के परीक्षण से संबंधित प्रावधान** – (1) अनुकल्प सामग्री विनिर्माता द्वारा विनिर्माण के प्रारंभ करने की तिथि से सात दिनों के अंदर निदेशक को भेज दी जानी चाहिए, जो इसे मान्यताप्राप्त उपयुक्त प्रयोगशाला को अनुमोदन के लिए अग्रेषित करायेगा ।

(2) जहां अनुकल्प सामग्री मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजी जाएगी, वह प्रयोगशाला आवश्यक परीक्षण करेगा और यह निश्चित करेगा कि अनुकल्प सामग्री का प्रयोग उस प्रयोजन को पूरा करे जिसके लिए उस मॉडल को अनुमोदन मिला था और यदि मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला यह राय दे कि वह अनुकल्प सामग्री उपयुक्त नहीं है, तब उस मॉडल को नए मॉडल के रूप में माना जाएगा।

(3) मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला अपने अन्वेषणों को निदेशक के माध्यम से केंद्र सरकार को अग्रेषित करेगा।

19. बाट अथवा माप के मॉडल के परीक्षण के लिए फीस -
जब आवेदक नियमों के अनुसार आवेदन करता है तब वह प्रयोगशाला को परीक्षण मूल्य के लिए फीस निम्न प्रकार से जमा करेगा ।

(i) यांत्रिक प्रकार के बाट या माप अथवा बाट और माप उपकरण के मॉडल के परीक्षण के लिए प्रयोगशाला के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में पांच हजार रुपए ।
(ii) डिजिटल या इलैक्ट्रोनिक प्रकार के बाट या माप अथवा बाट और माप उपकरण के मॉडल के परीक्षण के लिए प्रयोगशाला के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में दस हजार रुपए ।

जो किसी भी व्यापार अथवा वाणिज्य के लिए अभिप्रेत विक्रय, खरीद, वितरण, सुपुर्दगी के लिए विनिर्मित किए गये हों

(2) आवेदक उपनियम (1) में निर्देश के अनुसार अनुकल्प सामग्री के परीक्षण के लिए परीक्षण फीस की आधी फीस जमा करेगा ।

20. बाट अथवा माप के विनिर्माण के लिए कब लाइसेंस जारी होगा -
(1) किसी भी बाट अथवा माप के विनिर्माण या आयात के लिए लाइसेंस जारी करने से पहले राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर ले कि उस बाट अथवा माप को अनुमोदन का प्रमाणपत्र केंद्रीय सरकार के अधिनियम के धारा 22 के अधीन दिया गया हो।
(2) जब किसी भी मॉडल के अनुमोदन का कोई भी प्रमाणपत्र केंद्रीय सरकार द्वारा रद्द कर दिया गया हो, राज्य सरकार द्वारा किसी भी बाट अथवा माप के विनिर्माण अथवा आयात हेतु जारी लाइसेंस को निलंबित कर दिया जाएगा।
परन्तु वह निलंबन रद्द किया जाएगा यदि उस मॉडल को केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमोदन प्राप्त हो जाए।

21. निरसन और व्यावृत्तियां - (1) बाट और माप मानक (माडलों का अनुमोदन) नियम, 1987 (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त नियम कहा गया है) को इसके द्वारा निरसित किया जाता है।

परन्तु ऐसे निरसन का निम्नलिखित पर प्रभाव नहीं पड़ेगा :-

(क) उक्त नियमों का पूर्व प्रवर्तन या उसके अधीन जो की गई या किए जाने का लोप किया गया या उसें हुई क्षति; या

(ख) उक्त नियमों के अधीन प्राप्त, प्रोदभूत या उपगत कोई अधिकार, विशेषाधिकार, दायित्व या उत्तरदायित्व; या

(ग) उक्त नियमों के विरुद्ध किए गए किसी अपराध के संबंध में कोई शास्ति, जब्ती या दंड; अथवा

(घ) पूर्वोक्त अनुसार ऐसे किसी अधिकार, विशेषाधिकार, बाध्यता, दायित्व, उत्तरदायित्व, शास्ति, जब्ती या दंड के संबंध में कोई अंवेषण, विधिक कार्यवाही या उपाय।

और ऐसा कोई अंवेषण, विधिक कार्यवाही या उपचार संस्थित, जारी अथवा लागू किए जा सकेंगे और ऐसी कोई शास्ति, जब्ती या दंड जो अधिरोपित की जा सकेगी यदि उक्त नियमों को विखण्डित नहीं किया गया।

(2) ऐसे किसी निरसन के होते हुए भी किया गया या की गई कोई कार्यवाही या किए जाने के लिए तात्पर्यित या पत्र या प्रदत्त छूट, संग्रहीत फीस, कोई न्यायनिर्णय, जांच या आरंभ किया अन्वेषण, बाट और माप के विनिर्माताओं, व्यौहारियों और आयातकों की अनुज्ञप्ति, रजिस्ट्रीकरण, कारण बताओ नोटिस, विनिश्चय, अवधारण, अनुमोदन, उक्त नियमों के अधीन जारी, दिया गया अथवा किया गया प्राधिकार, यदि उक्त नियमों के प्रारंभ होने के समय प्रवृत है तो प्रवृत रहेंगे और उसी प्रकार प्रभावी होंगे, मानो वे इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन जारी किए, दिए अथवा किए गए हैं।

(3) इन नियमों के उपबंध, यथास्थिति केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार को किए गए किसी आवेदन या इन नियमों के प्रारंभ पर लंबित बाट और माप की विनिर्माताओं, आयातकों, व्यौहारियों की अनुज्ञप्ति, रजिस्ट्रीकरण के लिए उक्त नियमों के अधीन किए गए किसी आवेदन पर तथा उसके पश्चात किसी कार्रवाई पर और उसके अनुसरण में अनुदत्त किसी रजिस्ट्रीकरण पर लागू होंगे।

(4) इन नियमों के प्रारंभ में उक्त नियमों के अधीन किसी न्यायालय में लंबित कोई विधिक कार्रवाई उस न्यायालय में उसी प्रकार जारी रह सकेगी मानो ये नियम विरचित नहीं किए गए हों।

(5) यथास्थिति उक्त नियमों के अधीन केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार को की गई कोई अपील और उसका लंबित होना इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन की गई समझी जाएंगी।

[फा. सं. डब्ल्यू एम-9(6)/2010-पार्ट]

राकेश कक्कड़, विशेष सचिव

IndiaCode

MINISTRY OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION

(Department of Consumer Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 1st March, 2011

G.S.R. 183(E).—In exercise of the powers conferred by sub-section(1) read with clause (m) of sub-section (2) of section 52 of the Legal Metrology Act, 2009 (1 of 2010) , the Central Government hereby makes the following rules, namely:-

CHAPTER I
PRELIMINARY

1. Short title and commencement.- (1) These rules may be called The Legal Metrology (Approval of Models) Rules, 2011.
(2) They shall come into force on the 1st day of April, 2011.

2. Definitions.-(1) In these rules, unless the context otherwise requires;-
(a) "Act" means- the Legal Metrology Act, 2009 (1 of 2010);
(b) "Model" means the final physical representation of a weight or measure in which all the components imparting to it the necessary metrological and technical characteristics and qualities as provided in the Act and the rules made there under are suitably assembled so that subject to prescribed tolerances, every weight or measure produced in accordance with such model may be similar as regards dimensions, constructions, material performance and other metrological and technical characteristics;
(d) "Principal Officer" means the officer who is in charge of the laboratory;
(2) words and expressions used herein and not defined but defined in the Act, shall have the same meanings respectively assigned to them in the Act.

CHAPTER II
Recognition of Laboratories

3. General provisions relating to laboratories.-(1) The list of recognized laboratories shall be notified from time to time.
(2) A laboratory recognized under these rules shall carry out any test for the approval of any model.
(3) In allocating any model of weight or measure to any laboratory, the Director shall take into account the existence or otherwise of the facilities available in that laboratory for the approval of such model.

4. Recognition of Laboratories.- (1) Every laboratory desirous of obtaining recognition under these rules for carrying out tests for the approval of the model of any weight or measure shall make an application to the Director in the form as may be notified from time to time.

(2) Every application referred to in sub-rule (1) shall be made by the Principal officer of the laboratory.

(3) When an application is made under sub-rule (1) for the recognition of a laboratory, the Director shall, before issuing the certificate of recognition send one or more of his officers to the laboratory and obtain a report whether the laboratory,-

(a) has the necessary measuring equipment, testing facilities and buildings maintained in a proper conditions;

(b) has the necessary qualified staff, component to undertake the tests for recommending the approval of model of the concerned weight or measure;

(c) is situated in an appropriate environment;

(d) has an adequate recording system;

(e) is likely to give expeditious efficient and adequate service; and

(f) is ready and willing to get its equipment verified periodically by such other appropriate laboratory, as may be specified by the Director.

(g) has the certificate issued by the National Accreditation Board of Laboratories (NABL) in the parameter or field in which model test is proposed to be undertaken.

